संख्या-29/2023/155/001-155-23-10-23-51-सा0-2022टी0सी0

प्रेषक,

शरद सक्सेना,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास)/विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 04 फरवरी, 2023

विषयः- वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत बरेली क्षेत्र के जनपद शाहजहांपुर के 02 चालू सेतु के निर्माण कार्य हेतु धनराशि काआवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता (सेतु विंग) लोक निर्माण विभाग के पत्रांक-2929/सी0ई0-एस0ई0बी0/आर0वाई0बी0/बी0ए0आर0/2022-23 दिनांक 25.01.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत बरेली क्षेत्र के जनपद शाहजहांपुर के 02 चालू सेतु के निर्माण कार्य हेतु निम्नांकित तालिका के कॉलम-04 में अंकित कार्य के सापेक्ष तालिका के कॉलम-13 में अंकित लागत कुल धनराशि रू0 275.63 लाख (रूपये दो करोड़ पचहत्तर लाख तिरसठ हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण/शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र सं.	क्षेत्र का नाम	खण्ड/ जनपद का नाम	सेतुओं का नाम	स्वीकृत मूल लागत	दिनॉक 31.3.2021 तक आवंटन	दिनॉक 01.04.2022 को अवशेष	बचत	वर्ष 2022-23 में आवंटन	अद्यतन अवशेष	वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित आवंटन		
										अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (11+12)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	बरेली	प्रा.ख. शाहजहांपुर	जनपद शाहजहॉपुर में पुवायां निगोही दातागंज मार्ग (राज्य मार्ग सं0-126) के किमी-28 से (ग्राम बिरासिन) बेल गौटिया के मध्य कैमुआ नाला पर लघु सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	433.39	22.86	410.53	7.53	193.84	209.16	**164.80**	**44.36**	**209.16**
2	बरेली	सेतु निगम शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में विधान सभा क्षेत्र-131 कटरा के अन्तर्गत विकास खण्ड खुदागंज के ग्राम पच्चड़ घाट पर बैगुल नदी सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्माण।	1382.07	1262.84	119.23	0.00	0.00	119.23	**52.37**	**14.10**	**66.47**
			योग-	**1815.46**	**1285.70**	**529.76**	**7.53**	**193.84**	**328.39**	**217.17**	**58.46**	**275.63**

कुल अवमुक्त धनराशि रू0 275.63 लाख (रूपये दो करोड़ पचहत्तर लाख तिरसठ हजार मात्र)

http://shasanadesh.up.gov.in/

नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों

(1) अवमुक्त की जाने वाली धनराशि केवल उपरोक्त अंकित परियोजनाओं पर ही मानक/ विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजना के लिये नहीं किया जायेगा ।

(2) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संबंधी मूल शासनादेशों की शेष शर्तें एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 2,17,17,000 (रुपये दो करोड़ सत्रह लाख सत्रह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 057 लेखाशीर्षक 5054041010 421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 58,46,000 (रुपये अट्ठावन लाख छियालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07- जून, 2022 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शरद सक्सेना)
अनु सचिव

संख्या-29/2023/155/001-155-23-10-23-51-सा0-2022टी0सी0 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
(6) प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
(7) मुख्य कोषाधिकारी, आर्दश कोषागार, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
(8) संबंधित कोषाधिकारी।
(9) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(10) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(11) श्री राजेश प्रताप सिंह (उप सचिव/नोडल अधिकारी), लोक निर्माण विभाग ।
(12) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(शरद सक्सेना)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in/